# WESTERN RAILWAY

P.S.No.68/2012

Headquarter Office,
Churchgate, Mumbai-20

No. EP(Sett)789/0 Vol.XXI

Date: 18.07.2012

To,
All DRMs / CWMs & Units Incharge,
C/- Genl. Secy., WREU-GTR / WRMS-BCT.
C/- GS-All India SC/ST Rly Employees. Assn,"W" Zone, Mumbai
C/- GS-All india OBC Rly Empl. Assn, Mumbai.

Sub : Notification dt.28.3.2012 Railway Service (Pension) (Amendment) Rules, 2012.

A copy of Railway Board's letter No.F(E)III/2010/PN 1/4 dtd 28.03.2012 (RBE No.44/2012) is sent herewith for information, guidance and necessary action.

Encl: As above.

18/7/2012

( S. Kademani )
Dy.CPO(HRD)
For General Manager(E)

RBE No. 44/2012

# EXTRACT FROM THE GAZETTE OF INDIA : PART II, SEC. 3, SUB-SEC. (i)

Appearing on Page Nos. 401—403

Dated 31-3-2012

रेल मंत्रालय

## MINISTRY OF RAILWAYS

(रेलवे बोर्ड)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 मार्च, 2012

सा.का.नि. 66.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रेल सेवा (पेंशन) नियम, 1993 में आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रेल सेवा (पेंशन) (संशोधन) नियम, 2012 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. रेल सेवा (पेंशन) नियम, 1993 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के नियम 15, के उप-नियम (3) के खंड (क) में "अनुज्ञप्ति फीस" शब्दों के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"और नुकसानी (आबंटिती के सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात् अनुज्ञेय अवधि से परे रेलवे या सरकारी आवास के अधिभोग के लिए)" ।

3. उक्त नियम के नियम 16 में—

(i) उप-नियम 5 में, "उपदान का दस प्रतिशत या एक हजार रुपए, इनमें से जो भी कम हो" शब्दों के स्थान पर "उपदान का दस प्रतिशत" शब्द रखे जाएंगे;

(ii) उप-नियम 6 के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(6) अनुज्ञप्ति फीस (जहां संपदा निदेशालय के लिए बकाया अनुज्ञप्ति फीस अवधारित करना संभव नहीं है) और नुकसानी (आबंटिती के सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात् अनुज्ञेय अवधि से परे सरकारी आवास के अधिभोग के लिए) की वसूली का उत्तरदायित्व संपदा निदेशालय को होगा और ऐसे सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी जो सरकारी आवास के अधिभोग में हैं, की उपरोक्त उप-नियम (5) के अधीन उपदान की विधारित रकम सरकारी आवास के वास्तविक रिक्ति के पश्चात् संपदा निदेशालय से "बेबाकी प्रमाण-पत्र" पेश किए जाने पर तत्काल संदत्त किया जाएगा ।

(6क) संपदा निदेशालय यह सुनिश्चित करेगा कि "बेबाकी प्रमाण-पत्र" सरकारी आवास की रिक्ति की वास्तविक तारीख से चौदह दिनों की अवधि के भीतर सरकारी कर्मचारी को दिया जाए और आबंटिती उपदान जो आबंटिती द्वारा देय अनुज्ञप्ति फीस और नुकसानी यदि कोई है, के बकाए को समायोजित करने के पश्चात् प्रतिदाय किया जाना अपेक्षित है, के अधिकतम विधारित रकम पर ब्याज (भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित साधारण भविष्य निधि निक्षेप को लागू दर पर) भुगतान का हकदार होगा और ब्याज सरकारी आवास की रिक्ति की वास्तविक तारीख से उपदान की अधिक विधारित रकम के प्रतिदाय की तारीख तक सरकारी कर्मचारी के संबद्ध लेखाधिकारी के माध्यम से संपदा निदेशालय द्वारा देय होगा ।

(6ख) उपरोक्त उप-नियम (5) के अधीन वर्णित उपदान की विधारित रकम से समायोजन के पश्चात् असंदत्त के कारण शेष अनुज्ञप्ति फीस या नुकसानी की वसूली का आदेश पेंशन भोगी की सहमति के बिना मंहगाई भत्ते से संबद्ध लेखाधिकारियों के माध्यम से संपदा निदेशालय द्वारा दिया जाएगा और ऐसे मामलों में कोई मंहगाई भत्ता का वितरण तब तक नहीं किया जाएगा जब तक ऐसे शोध्यों की पूरी वसूली नहीं हो जाती ।"

4. उक्त नियमों के नियम 93 के उप नियम (1) के खंड (i) के उप-खंड (ख) की मद (5) की उप मद (v) में, "मृत्यु तथा निवृत्ति उपदान के दस प्रतिशत या एक हजार रुपए, इसमें से जो भी कम हो" शब्दों के स्थान पर "मृत्यु तथा निवृत्ति उपदान का दस प्रतिशत" शब्द रखे जाएंगे ।

[फा. सं. एफ (ई) III/2010/पीएन 1/4]

अंजलि गोयल, कार्यपालक निदेशक वित्त (स्थापना) रेलवे बोर्ड

टिप्पण : मूल नियम का.आ. 930 (अ) तारीख 3 दिसम्बर, 1993 द्वारा प्रकाशित किए गए और तत्पश्चात् निम्नलिखित द्वारा संशोधित किए गए :

| क्र.सं. | अधिसूचना सं. | तारीख | भारत के राजपत्र, भाग II, खंड 3, उप-खंड (ii), में प्रकाशित | |
|---|---|---|---|---|
| | | | का.आ. | प्रकाशन की तारीख |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | एफ (ई) III/94/पीएन 1/31 (संशोधन) | 03-02-1995 | 511 | 25-02-1995 |
| 2. | ई (जी) 94 ईएम 1—6 | 31-03-1995 | 1026 | 15-04-1995 |
| 3. | एफ (ई) III/99/पीएन 1/38 (आशोधन) | 23-05-2000 | 1554 | 15-07-2000 |
| 4. | एफ (ई) III/97/पीएन 1/14 (संशोधन) | 24-05-2000 | 1553 | 15-07-2000 |
| 5. | एफ (ई) III/2000/पीएन 1/23 | 18-10-2001 | 1081 | 30-03-2002 |
| 6. | ई (जी) 2002 ईएम 1/1 | 23-08-2002 | 1214 (ई) | 04-11-2004 |
| 7. | एफ (ई) III/2003/पीएन 1/38 (संशोधन) | 31-12-2003 | 1488 (ई) | 30-12-2003 |
| 8. | एफ (ई) III/2004/पीएन 1/21 (संशोधन) | 07-12-2004 | 3191 | 18-12-2004 |
| 9. | एफ (ई) III/2003/पीएन 1/25 | 20-01-2005 | 399 | 05-02-2005 |
| 10. | एफ (ई) III/2003/पीएन 1/1 | 10-03-2006 | 1001 | 19-03-2005 |
| 11. | एफ (ई) III/2003/पीएन 1/1 | 30-03-2006 | 1306 | 08-04-2006 |
| 12. | ई (जी) 2007/ईएम 1/1 | 19-09-2007 | 3005 | 13-10-2007 |
| 13. | एफ (ई) III/2008/पीएन 1/10 | 22-10-2008 | 2944 | 25-10-2008 |

(Railway Board)

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 28th March, 2012

G.S.R. 66.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Railway Services (Pension) Rules, 1993, namely :—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Railway Services (Pension) (Amendment) Rules, 2012.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Railway Services (Pension) Rules, 1993, (hereinafter referred to as the said rules), in rule 15, in sub-rule (3), in clause (a), after the words "licence fee", the following shall be inserted, namely :—

"as well as damages (for the occupation of the Railway or Government accommodation beyond the permissible period after the date of retirement of allottee)".

3. In rule 16 of the said rules,—

(i) in sub-rule (5), for the words "ten per cent of gratuity or one thousand rupees, whichever is less", the words "ten per cent of gratuity" shall be substituted.

(ii) for sub-rule (6), the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(6) The recovery of licence fee (where it is not possible for the Directorate of Estates to determine the outstanding licence fee) as well as damages (for the occupation of the Government accommodation beyond the permissible period after the date of retirement of allottee) shall be the responsibility of the Directorate of Estates and the withheld amount of gratuity under sub-rule (5) above, the retiring Government employees, who are in occupation of Government accommodation, shall be paid immediately on production of "No Demand Certificate" from the Directorate of Estates after actual vacation of the Government accommodation.

(6A) The Directorate of Estates shall ensure that "No Demand Certificate" shall be given to the Government employee within a period of fourteen days from the actual date of vacation of the Government accommodation and the allottee shall be entitled to payment of interest (at the rate applicable to General Provident Fund deposit determined from time to time by the Government of India) on the excess withheld amount of gratuity which is required to be refunded, after adjusting the arrears of licence fee and damages, if any, payable by the allottee and the interest shall be payable by the Directorate of Estates through the concerned

Accounts Officer of the Government employee from the actual date of vacation of the Government accommodation up to the date of refund of excess withheld amount of gratuity.

(6B) On account of licence fee or damages remaining unpaid after adjustment from the withheld amount of gratuity mentioned under sub-rule (5) above, may be ordered to be recovered by the Directorate of Estates through the concerned Accounts Officer from the Dearness Relief without the consent of the pensioners and in such cases no Dearness Relief shall be disbursed until full recovery of such dues has been made."

4. In rule 98 of the said rules, in sub-rule (1), in clause (i), in sub-clause (g), in item (5), in sub-item (v), the words "ten per cent of the death-cum-retirement gratuity or one thousand rupees, whichever is less", the words "ten per cent of the death-cum-retirement gratuity" shall be substituted.

[F. No. F(E)III/2010/PN1/4]

ANJALI GOYAL, Executive Director Finance (Establishment), Railway Board

Note : The Principal rules published vide, Notification number S.O. 930(E) dated the 3rd December, 1993 and subsequently amended as follow :—

| S.No. | Notification number | Date | Published in the Gazette of India Part II, Section 3, Sub-section (ii) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | S.O. No. | Date of Publication |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | F(E) III/94/PN 1/31 (Amendment) | 03-02-1995 | 511 | 25-02-1995 |
| 2. | E(G)94 EM 1-6 | 31-03-1995 | 1026 | 15-04-1995 |
| 3. | F(E) III/99/PN-1/38 (Modification) | 23-05-2000 | 1554 | 15-07-2000 |
| 4. | F(E) III/97/PN 1/14 (Amendment) | 24-05-2000 | 1553 | 15-07-2000 |
| 5. | F(E) III/2000/PN 1/23 | 18-10-2001 | 1081 | 30-03-2002 |
| 6. | E(G) 2002 EM 1/1 | 23-08-2002 | 1214(E) | 04-11-2004 |
| 7. | F(E) III/2003/PN 1/38 (Amendment) | 31-12-2003 | 1488(E) | 30-12-2003 |
| 8. | F(E) III/2004/PN 1/21 (Amendment) | 07-12-2004 | 3191 | 18-12-2004 |
| 9. | F(E) III/2003/PN 1/25 | 20-01-2005 | 399 | 05-02-2005 |
| 10. | F(E) III/2003/PN 1/1 | 10-03-2006 | 1001 | 19-03-2005 |
| 11. | F(E) III/2003/PN 1/1 | 30-03-2006 | 1306 | 08-04-2006 |
| 12. | E(G) 2007/EM 1/1 | 19-09-2007 | 3005 | 13-10-2007 |
| 13. | F(E) III/2008/PN 1/10 | 22-10-2008 | 2944 | 25-10-2008 |